सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला

सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,
इसकी चलती सरकार घर घर गूंजे जय जय कार ये काली कमली वाला,
सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,

मेरे श्याम धनि के जैसा कोई दातार नहीं है,
खाटू के जैसा दूजा कोई दरबार नहीं है,
भगतो के दिल को भा गया मेरा बाबा खाटू वाला,
सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,

ये है शौकीन मिजाजी ये मन मोजी मतवाला ,
जो इक इशारा करदे खुलता किस्मत का टाला,
ये मोर छड़ी लहरा गया मेरे बाबा खाटू वाला,
सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,

ये श्याम है छैलछबीला भगतो का है मन वासिया,
फागुन में होली खेले ये श्याम धनी रंग रसियां,
दीवाना हमे बना गया मेरे बाबा खाटू वाला,
सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,

सारी दुनिया में सोनू जो काम नहीं है होता,
मैंने वो जब मेरे खाटू वाले को सौंपा
पल भर में काम बना गया मेरे बाबा खाटू वाला,
सारी दुनिया में छा गया मेरा बाबा खाटू वाला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16376/title/sari-duniya-me-chaa-geya-mera-baba-khatu-vala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |